श्रावक सम्मेलन में दिया संयम की साधना, गुरूदृष्टि की आराधना का संदेश

बीकानेर, (कासं)। भीनासर के तेरापंथ सभा भवन में तेरापंथ सभा द्वारा रविवार को श्रावक सम्मेलन आयोजित किया गया। युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण की सुशिष्या साध्वीश्री जिनबाला के सानिध्य में चातुर्मास प्रारंभ होने से पूर्व ही विशेष कार्यक्रम श्रावक सम्मेलन आयोजित कर अध्यात्म लाभ दिया।

साध्वीश्री जिनबाला ने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि हमें दीमक की तरह नहीं बनना है जो फर्नीचर में लग जाए तो उसे पूरी तरह से खोखला बना देता है। बल्कि हमें मंदिर के दीपक की तरह बनना है जो सबकी आंखों की पूजा पा सके। इसके साथ ही हम धर्म को खोखला नहीं अपितु धर्म को प्रकाशित करने वाले श्रावक बनें यह अपेक्षित है। साध्वीश्री करूणा प्रभा ने अपनी ओजस्वी वाणी में चार प्रकार के श्रावकों का वर्णन करते हुए धर्मसंघ के अतिजात संतान बनने की प्रेरणा दी।



गंगाशहर स्थित तेरापंथ सभा भवन में साध्वीश्री जिनबाला ने चातुर्मास प्रारंभ होने से पूर्व श्रावक सम्मेलन को संबोधित किया।

- साध्वीश्री करूणा प्रभा ने अपनी ओजस्वी वाणी में चार प्रकार के श्रावकों का वर्णन करते हुए धर्मसंघ के अतिजात संतान बनने की प्रेरणा दी

साध्वीश्री भव्यप्रभा ने कहा कि आज का यह दिवस दायित्व बोध का दिन है तथा संघ की सुरक्षा करना श्रावक का पहला दायित्व है। साध्वी श्रीकरूणाप्रभा, साध्वीश्री भव्यप्रभा तथा साध्वीश्री प्राचीप्रभा ने जागृति का संदेश सामूहिक स्वर की प्रस्तुति देकर सबमें एक नया जोश भर दिया। श्रावक सम्मेलन में मुख्य वक्ता युवक रत्न राजेन्द्र सेठिया ने कहा कि सच्चा श्रावक वह होता है जो संयम की साधना, गुरूदृष्टि की आराधना व संघ की प्रभावना करने वाला हो। धर्म व गुरू के बताये मार्ग पर चलना ही श्रावक का कर्तव्य है। कन्यामण्डल ने मंगल गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रेरणा सेठिया व खुशबू सेठिया ने पपेट शो के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। संचालन तेरापंथ सभा के मंत्री चैनप्रकाश गोलछा ने किया।

अणुव्रत को जन जन तक पहुंचाए : अणुव्रत समिति नोखा के वर्ष 2025-27 हेतु नव-नियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को शासन गौरव साध्वी राजीमती के पावन सानिध्य में स्थानीय तेरापंथ भवन में प्रात: 10 बजे से सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम नव नियुक्त अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने शासन गौरव साध्वी राजीमती की अनुमोदना के बाद कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें 14 मंत्री परिषद के सदस्य, 8 विशेष आमंत्रित सदस्य व 18 कार्यकारिणी के सदस्य बनाये गये है। समारोह शासन गौरव साध्वी राजीमती ने अणुव्रत पर विस्तार से प्रकाश डाला ओर अधिकाधिक संख्या में लोगों को अणुव्रत समिति से जोड़ने का आव्हान करते हुए नोखा में नये आयाम स्थापित करने प्रेरणा दी।

साध्वीजी ने अणुव्रत को संजीवनी बूटी बताते हुए कहा कि छोटे छोटे व्रतों के माध्यम से जीवन में परिवर्तन संभव है। अणुव्रत के माध्यम से जीवन को सुनियोजित रख सकते है। निर्वतमान अध्यक्ष मनोज घीया ने नव गठित कार्यकारिणी को अपने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। बतौर अतिथि पधारे पालिका उपाध्यक्ष व समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य निर्मल कुमार भूरा ने अणुव्रत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए नव कार्यकारिणी को पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया।

नव नियुक्त अध्यक्ष रमेशकुमार व्यास ने बताया कि अपने कार्यकाल में नशा मुक्ति, जीवन विज्ञान, पर्यावरण व समय-समय पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्य करना प्राथमिकता रहेगी। कार्यकारिणी में इन्द्रचन्द बैद, ईश्वर चन्द दुग्गड़, संरक्षक इन्द्रचन्द मोदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेन्द्रसिंह राठौड़, हंसराज भूरा, उपाध्यक्ष, गजेन्द्र पारख, मंत्री, रूपचन्द बैद, सुनीता खीचड़, सहमंत्री, हरीकिशन शर्मा, कोषाध्यक्ष, अनिल जैन, संगठन मंत्री, भावना मरोठी, जीवन विज्ञान प्रभारी, कैलाश गोयल, सह जीवन विज्ञान प्रभारी, राजेश अग्रवाल मीडिया प्रभारी, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में निर्मल भूरा, डॉ महेन्द्र संचेती, मनोज घीया, जयश्री भूरा मोहित जोशी, दिनेश उपाध्याय, गोतम लूणावत, सुशील भूरा, सुनील बैद, लाभचन्द छाजेड़, अश्विनी बैद, महावीर नाहटा, अभिषेक भूरा, अरिहन्त सखलेचा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। समारोह में पत्रकार पुखराज शर्मा भी साक्षी बनें व महाराजश्री से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम संचालन करते हुए इन्द्रचन्द बैद (कविराज) ने बताया कि व्रत से रोगो की चिकित्सा होती है, इच्छाए बढ़ रही है उस पर नियंत्रण के लिए संयमित जीवन जरूरी है।

25 से शुरू होगी रामायण यात्रा

बीकानेर, (कासं)। भारत भूमि की पवित्र धरोहरों और प्रभु श्रीराम की चरण रज से जुड़े तीर्थ स्थलों के दर्शन की कामना रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए भारतीय रेल एक विशिष्ट सौगात लेकर आई है। श्रीराम की जीवन यात्रा पर आधारित रामायण यात्रा ट्रेन 25 जुलाई को दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना होगी।

यह विशेष तीर्थ यात्रा 16 रातें और 17 दिनों तक चलेगी, जिसमें राम जन्मभूमि अयोध्या से लेकर रामेश्वरम तक भगवान राम से जुड़े 15 से अधिक पवित्र स्थलों के दर्शन कराए जायेंगे। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम द्वारा संचालित यह यात्रा श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़ी उन पुण्य भूमियों पर ले जायेगी। जहां उन्होंने अपने जीवन की विभिन्न दिव्य लीलाएं रची। इस यात्रा में अयोध्या, जनकपुर (नेपाल), प्रयागराज, चित्रकूट, नासिक, हम्पी, रामेश्वरम जैसे स्थानों को शामिल किया गया है।

श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान राम जन्मभूमि, सीता माता का जन्मस्थान, तपोभूमियां, रामघाट, गोदावरी तट, गुप्त गुफाएं तथा समुद्र तट स्थित रामेश्वरम और धनुषकोड़ी तक के दर्शन होंगे। हर पड़ाव पर अनुभवी गाइड, शुद्ध शाकाहारी भोजन, यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है। बोर्डिंग स्टेशन दिल्ली सफदरजंग, गाजियाबाद, अलीगढ़, टुंडला, इटावा, कानपुर, लखनऊ, झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा आदि है। आईआरसीटीसी अधिकारियों ने बताया कि बीकानेर से भी काफी यात्रियों ने टिकट बुक करवाई है। टिकटों की जानकारी के लिए आईआरसीटीसी से संपर्क भी कर रहे हैं।

सार-समाचार

एकादशी पर पौधारोपण किया

राधा कृष्ण वाटिका राजनगर जयपुर रोड पर एकादशी पर पौधारोपण किया।

बीकानेर, (कासं)। यहां राधा कृष्ण वाटिका राजनगर जयपुर रोड पर आज एकादशी के उपलक्ष में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये। मिलन गहलोत ने इस मौके पर बताया कि वृक्ष लगाने से बड़ा धरती पर कोई पुण्य का कार्य नहीं है। इसमें मनुष्य नहीं जीव मात्र को सुख शांति भोजन जीवन मिलता है। अयोध्या से जुड़े महावीर प्रसाद मारू ने बताया कि हम इस मोहल्ले के अंदर सभी के सहयोग से दो पार्क तैयार कर रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या का आधार ओपन करके साल संभाल भी कर रहे है। गिरधारी सिंह राठौर ने बताया कि हम एक-एक पेड़ की सुबह शाम निगरानी करते हैं। महिलाएं बच्चे सभी लोगों को पेड़ पौधों से बहुत ज्यादा लगाव है और यह हमारी जिम्मेदारी रहेगी कि किसी भी पेड़ को हम देख रहे पानी के अभाव में सुरक्षा के अभाव में मरने नहीं देंगे। वृक्षारोपण करने वालों में गिरधारी सिंह राठौड़, महेंद्र सिंह, अरूण भाटी, महावीर मारू, रामपाल बेनीवाल, सुशील कौशिक, सेवानिवृत अधिकारी किशन लाल मेगवाल, भूपेंद्र सिंह, सुमेर सिंह, अशोक कुमार सेन, बलवीर सिंह, मंजू कंवर, उषा कंवर, नंदू कंवर, मीरा कंवर, आशा खत्री, शिखा कौशिक और बड़ी संख्या मे महिलाएं उपस्थित थी।

श्मशान भूमि मे दो सौ पौधे लगाये

बीकानेर में मीणा समाज के संभागीय अध्यक्ष बाबूलाल मीणा छोलक के नेतृत्व में मीणा श्मशान भूमि में पौधे लगाए।

बीकानेर, (कासं)। मीणा समाज के संभागीय अध्यक्ष बाबूलाल मीणा छोलक के नेतृत्व में मीणा श्मशान भूमि में कांटे, कीकर, झाडियां तथा गंदगी की सफाई करके मीणा समाज ने दो सौ पेड़ पौधे लगाए। मीणा ने कहा पर्यावरण की कमी के कारण बीकानेर में वर्षा कम होती है। इसलिए सभी सर्व समाज के लोगों से अनुरोध किया कि जीवन में एक पेड़ जरूर लगाएं। पेड़ हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। सांसें हो रही हैं कम आओ पेड़ लगाये हम। ऑक्सीजन, स्वच्छ हवा, भोजन, दवा और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं। पेड़ जलवायु को नियंत्रित करने, मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव विविधता की रक्षा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही बीकानेर मे एक हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। समाज के गणमान्य मोहन लाल मीणा, मानाराम मीणा, रामलाल मीणा, भागीरथ मीणा, रामचंद्र मीणा, जगदीश मीणा, धनराज मीणा, जितेंद्र मीणा, निर्भय मीणा, लखपत मीणा, राजेन्द्र मीणा, संपत मीणा, प्रेम प्रकाश मीणा, गोवर्धन मीणा, संजय मीणा, दिनेश मीणा, नाथूराम भील आदि मौजूद थे।

अग्रसेन जयंती की तैयारियां शुरू

श्रीगंगानगर, (कासं)। अग्र सेवा समिति, युवा अग्र सेवा समिति और महिला अग्र सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष में 7 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव मनाया जायेगा। इस दौरान 16 से 22 सितम्बर तक अनेक सेवा कार्यों का आयोजन किया जायेगा। यह निर्णय उदाराम चौक स्थित सिद्धपीठ श्री झांकी वाले बालाजी मंदिर में अग्र सेवा समिति परिवार की बैठक में लिया गया। अध्यक्ष किशन खारीवाल ने बताया कि 16 सितम्बर को सिद्धपीठ श्री झांकी वाले बालाजी मंदिर में राम नाम का जाप, 17 सितम्बर को राजकीय जिला चिकित्सालय स्थित अन्नपूर्णा रसोईघर में मरीजों व उनके परिजनों, 18 सितम्बर को नाथांवाला स्कूल में विद्यार्थियों, 19 सितम्बर को कोडा चौक पर जरूरतमंदों, 20 सितम्बर को अपनाघर आश्रम में प्रभुजनों, 21 सितम्बर को वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन प्रसादी खिलाई जायेगी। किशन खारीवाल ने बताया कि 21 सितम्बर को अग्रसेन नगर स्थित अग्रसेन चौक पर दीपमाला के बाद आतिशबाजी की जाएगी। इस दौरान महाराजा अग्रसेन को माल्यार्पण किया जायेगा व केक काटकर जयंती मनाई जायेगी। 22 सितम्बर को शिव चौक के समीप महाराजा अग्रसेन चौक पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। इसके बाद सुखाडिया सर्किल स्थित श्रीगौशाला में गोवंश को 1800 किलो हरा चारा एवं 50 किलो केले खिलाए जायेंगे। अग्रवाल सेवा समिति अध्यक्ष इंजीनियर बंशीधर जिंदल के नेतृत्व में 19 सितम्बर को अग्रवाल सहभोज और 21 सितम्बर को भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी।

उमस से तड़पे नवजात-प्रसूताएं

श्रीगंगानगर, (कासं)। यहां 30 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से देर शाम आए अंधड़ के चलते रात 9 बजे 33 केवी की लाइन का तार टूट गया। इससे जिला अस्पताल सहित पास की पांच कॉलोनियों में बिजली गुल हो गई। अस्पताल की एमसीएच विंग में उमस और गर्मी से नवजात, नवप्रसूताएं उनके परिजनों का बुरा हाल हो गया। कारण कि यहां इस विंग का जनरेटर भी खराब निकला जो जरूरत के समय चला ही नहीं। हालात ऐसे थे कि 9 बजे से सवा दस बजे लाइट आने तक प्रसूताएं, उनके परिजन व स्टाफ बाहर सड़क पर आ गए। 75 मिनट तक अस्पताल की एमसीएच विंग अंधेरे में रही मगर इन्हें संभालने को कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में जनरेटर से सप्लाई तत्काल ही बहाल कर दी गई। लेकिन नए बने जच्चा-बच्चा, बच्चा वार्ड व प्री नर्सरी वार्ड की बिल्डिंग का जनरेटर खराब होने से भारी परेशानी हुई। परिजनों ने सड़क पर ही गद्दे, चद्दरें लगाकर प्रसूताओं व गर्भवतियों को लेटाया। उनके साथ आई उनकी सास अथवा मां ने जुगाड़ से पंखे बनाकर हवा दे उन्हें राहत देने की कोशिश की उल्लेखनीय है ।

बीकानेर में 179 निजी कॉलोनियां रेरा में रजिस्टर्ड नहीं

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 90-ए की 102 और 90-बी की 228 कॉलोनियां मंजूर हैं। इनमें से सिर्फ 49 कॉलोनियां ही रियल एस्टेट विनियमन और विकास (रेरा) अधिनियम के तहत रजिस्टर्ड हैं। यही वजह है कि बीकानेर में आये दिन जमीनों के मामलों में फर्जी बेचान से लेकर रजिस्ट्री और पट्टों के मामले दर्ज होते हैं।

- जमीन खरीदने वाले सैकड़ों लोग फंसे
- कॉलोनी डवलपर से शर्तें पूरी नहीं कराता बीडीए

सस्ते के चक्कर में लोग भी ऐसी कॉलोनियों में जमीन खरीदते हैं और फिर मुश्किल में फंस जाते हैं। पिछले दिनों चकगर्बी में ऐसा ही हुआ, जहां बड़ी संख्या में कब्जे खाली कराये गए। दरअसल राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-ए और 90-बी कृषि भूमि को गैर-कृषि उपयोग में बदलने से संबंधित हैं। धारा 90-ए के तहत राज्य सरकार की अनुमति से कृषि भूमि को गैर-कृषि भूमि में बदलकर आवासीय, वाणिज्यिक या औद्योगिक उपयोग में लिया जा रहा है। हालांकि अब धारा 90-बी को धारा 90-ए में शामिल कर दिया गया है। मगर 90-बी या ए कराते वक्त अधिकतर कॉलोनाजर यूआईटी या बीडीए की शर्तें पूरी नहीं करते। इन्हीं हालातों को देखते हुए 2016 में रियल एस्टेट विनियमन और विकास का गठन हुआ।

सीमा भी तय हुई कि 500 वर्ग मीटर से अधिक या 8 से अधिक अपार्टमेंट वाले सभी आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं को रेरा के साथ पंजीकृत होना चाहिए। बीकानेर में 90-ए और 90-बी की 228 कॉलोनियां हैं। इनमें से 179 कॉलोनियां ऐसी हैं जो रेरा में रजिस्टर्ड नहीं है। बीकानेर में करीब 120 ऐसी निजी कॉलोनियां हैं जो पूरी तरह बस चुकी लेकिन वहां सड़क व सीवरेज नहीं है। पार्क जैसी सुविधा तो दूर की बात। लोगों ने सस्ते के चक्कर में भूखंड तो लेकर मकान बना लिए मगर अब दोष बीडीए और निगम को दे रहे हैं। ये सारी सुविधाएं देने का जिम्मा उसी फर्म का है, जिससे भूखंड लिया है। बीडीए की खामी ये है कि 90-ए की अनुमति देने के बाद भी ये क्रॉस चैक नहीं करते कि जो वादे कॉलोनी के लिए किए गए वो पूरे हुए या नहीं। अगर आपको प्लॉट या मकान किसी बड़े डवलपर से खरीदना है तो देखें कि क्या उसका रजिस्ट्रेशन रेरा में है या नहीं।

ग्रामीणों ने 4 गौवंश को मुक्त कराया

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले के गांव 22 एनडीआर में रात गौ-तस्करी का प्रयास नाकाम कर दिया गया। ग्रामीणों ने दो पिकअप गाड़ियों से चार गौवंश को मुक्त कराया। गौवंश को गौशाला में भेजा गया। पिकअप और उनके ड्राइवरों को लखुवाली थाना पुलिस के हवाले किया गया।

पूर्व सरपंच भागीरथ गोदारा के अनुसार, 5 जुलाई की रात ग्रामीणों को सूचना मिली। दो पिकअप गाडि्यां (आरजे 13 जीसी 3193 और आरजे 13 जीसी 2298) गौवंश को बिहार के बूचड़खाने ले जा रही थी। ग्रामीणों ने गाड़ियों को गांव के पास रोका। जांच में पाया गया कि दोनों गाड़ियों में चार गौवंश को अमानवीय तरीके से भरा गया था। मामले में गांव 22 एनडीआर के राजू भाट, बिजारणिया वाली ढाणी और बिहार निवासी सुरेश उर्फ अर्जुन यादव का नाम सामने आया है। ग्रामीणों ने टाउन थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

रायसिंहनगर में 2 इंच बारिश, सड़कें जलमग्न

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के जैतसर में 139 एमएम, सूरतगढ़ में 60 एमएम, रायसिंहनगर में 51.6 एमएम एवं रावला में 12 एमएम बारिश हुई। वहीं सूरतगढ़, जैतसर एवं राजियासर में भी बारिश दर्ज की गई।

- तेज बारिश का सिलसिला 2 घंटे तक जारी रहा, अनेक घरों में पानी घुस गया

जबकि श्रीगंगानगर शहर फिर से खाली रह गया। यानी शहर व आसपास के क्षेत्र में घने काले बादल दिखाई दिए लेकिन कहीं बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग के मुताबिक बैक टू बैक सक्रिय हो रहे सिस्टम की वजह से क्षेत्र में 6 से 9 जुलाई तक सक्रिय सिस्टम बना रहेगा। इससे श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व पंजाब क्षेत्र में भी जमकर बारिश होने की संभावना है। जैतसर कस्बे व आसपास के गांव में शनिवार शाम को 6 बजे प्रारंभ हुई बारिश रात 8 बजे तक जारी रही। जिसके चलते कस्बे की गलियां जलमग्न हो गई। इस दौरान बिजली गुल रही। क्षेत्र में 139 एम.एम. बारिश दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार पूर्वी दिशा से आये बादलों से तेज बारिश शुरू हुई। तेज बारिश का सिलसिला 2 घंटे तक जारी रहा। वहीं अनेक घरों में भी पानी घुस गया। आसपास के गांवों में से किसी गांव में बिजली गिरने की भी जानकारी मिली है।

तेज बारिश के कारण मुख्य बाजार, गांधी चौक, रायसिंहनगर सड़क मार्ग, सरूपसर सड़क मार्ग पर पानी ही पानी दिखाई देने लगा। नायब तहसीलदार तेजपाल पारीक ने बताया कि क्षेत्र में 139 एम.एम. बारिश दर्ज की गई है। रात को रेलवे स्टेशन की 150 फीट लम्बी दीवार गिर गई।

कांग्रेस नेता मूंड की कार ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी

बीकानेर, (कासं)। कांग्रेस के युवा नेता डॉ. राजेंद्र मूंड रविवार को सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए। उनकी कार को काफी नुकसान हुआ है लेकिन स्वयं मूंड पूरी तरह सुरक्षित है।

- हादसा लक्ष्मणगढ़ के पास उस वक्त हुआ, जब कार ड्राइव करते वक्त नींद की झपकी आ गई, डॉ. राजेन्द्र मूंड बाल-बाल बचे

हादसा लक्ष्मणगढ़ के पास उस वक्त हुआ, जब कार ड्राइव करते वक्त नींद की झपकी आ गई। मूंड अब जयपुर पहुंच गए हैं और पूरी तरह सुरक्षित हैं। लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे डॉ. राजेंद्र मूंड को रविवार दोपहर तक जयपुर पहुंचना था। उन्होंने यहां पंचशती सर्किल से एक बस बुक कराई थी। बस अचानक कैंसिल हो गई। ऐसे में वे अपनी कार में ही जयपुर रवाना हो गए। कार स्वयं मूंड चला रहे थे वि

स्पीड में चल रही कार बेकाबू होकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। मूंड ने बताया कि जयपुर में एक महत्वपूर्ण मीटिंग में भाग लेना था। घुसी। डॉ. मूंड ने कहा कि ईश्वर और शुभचिंतकों की कृपा से वे पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि गाड़ी को नुकसान पहुंचा है। हादसे की सूचना पर समर्थकों को मूंड स्वयं जानकारी दे रहे हैं।

सब्जियों के दामों में भारी उछाल

बीकानेर, (कासं)। मानसून की बारिश जहां किसानों के लिए राहत बनकर आती है। वहीं आम आदमी के रसोई बजट पर इसका उल्टा असर दिखाई देने लगा है। बीकानेर में इन दिनों सब्जियों की कीमतें गर्मी के पारे की तरह चढ़ रही हैं।

टमाटर, तौरी, भिंडी, शिमला मिर्च, फूलगोभी समेत अधिकतर हरी सब्जियां 40 से 100 प्रतिशत तक महंगी हो चुकी हैं। बारिश के कारण सब्जियों की आवक प्रभावित हुई है, जिससे बाजार में उनकी उपलब्धता घटी है।

साथ ही बारिश के चलते सब्जियों के जल्दी खराब होने, फलों में कीड़े लगने जैसी समस्याओं ने व्यापारियों को भी परेशान किया है। फल-सब्जी मंडियों में आने वाली खेप में भारी गिरावट देखी जा रही है।

ओवरलोड बजरी की ट्रॉलियों पर ट्रेफिक पुलिस ने आंखें मूंदी

बीकानेर,(कासं)। ओवरलोड बजरी से लदी ट्रॉली खींच रहे ट्रैक्टर के पहिए हवा में उठे, बॉडी चटकी, उड़ती रही ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ी। बजरी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली शहर के कई सर्किल से होकर गुजरी मगर किसी ने उसे रोकने की कोशिश नहीं की। मानो इन माफियाओं के आगे जिम्मेदारों ने घुटने टेक दिए हो।

- ओवरलोड बजरी से लदी ट्रॉली खींच रहे ट्रैक्टर के पहिए हवा में उठे
- यातायात नियमों की धज्जियां उड़ी

आसपास से गुजरने वाले दूरी बनाकर ही चलते नजर आ रहे थे। आगे जाकर गजनेर पुलिया के निकट ट्रॉली के पहियों ने जवाब दे दिया और चालक बीच सड़क ट्रॉली के नीचे जैक लगाकर चला गया। शहर में एक ट्रैक्टर, जिसकी ट्रॉली में तय सीमा से कहीं अधिक 12 टन से अधिक बजरी भरी गई थी। संतुलन बिगड़ने से बीच सड़क पर इस तरह खड़ा हो गया जैसे रैली में प्रदर्शन कर रहा हो। ओवरलोडिंग के कारण ट्रैक्टर के बीच की बॉडी चटक गई और आगे के दोनों पहिए हवा में उठ गए। यह दृश्य किसी भी राहगीर या दुपहिया वाहन चालक के लिए जानलेवा साबित हो सकता था।

सड़क पर अनियंत्रित हुआ यह ट्रैक्टर एक चेतावनी है कि यदि अभी भी ट्रैफिक पुलिस, आरटीओ और प्रशासन नहीं जागे तो कोई बड़ा हादसा महज वक्त की बात रह जायेगा। यह सिर्फ एक मामला नहीं है। बीकानेर में ओवरलोड वाहनों की खुलेआम आवाजाही अब आम बात हो गई है। सवाल यह उठता है कि क्या ट्रैफिक पुलिस ने इस पर आंखें मूंद ली है या फिर कोई दबाव है, जिसके आगे पूरा सिस्टम खामोश है। जिस तरह इस ट्रैक्टर के आगे के पहिए वजन के आगे उठ खड़े हुए। वैसे ही लगता है कि शहर का प्रशासन भी इन वाहनों के आगे अपने हाथ खड़े कर चुका है। कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

शहर में भी स्पीड लिमिट लागू

बीकानेर, (कासं)। अब शहर के भीतरी इलाकों में भी वाहनों की रफ्तार पर लगाम लगेगी। अब तक केवल नेशनल हाईवे पर ही तेज रफ्तार वाहनों के चालान कटते थे, लेकिन अब शहर के भीतरी क्षेत्रों में भी तय स्पीड से तेज चलने वाले वाहनों का चालान काटा जायेगा।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किए हैं। शहर के परकोटे के भीतर (कोटगेट के अंदर), पुराना रिहायशी एरिया, नत्थूसर गेट से शीतला गेट, जनता प्याऊ, सुथारों की गुवाड़, गंगाशहर व भीनाशहर क्षेत्र में 25 किमी प्रति घंटा स्पीड रहेगी। वहीं केईएम रोड, रेलवे स्टेशन रोड, अम्बेडकर सर्किल से रानीबाजार पुलिया, पीबीएम हॉस्पिटल रोड, म्यूजियम तिराहा, पब्लिक पार्क क्षेत्र, जूनागढ़ से कीर्ति स्तंभ होते हुए भीमसेन सर्किल तक के क्षेत्र में 30 किमी प्रति घंटा रहेगी। निगम क्षेत्र नोखा रोड, जैसलमेर रोड, श्रीगंगानगर रोड 45 किमी प्रति घंटा रहेगी।

काम-क्रोध, लोभ-मोह से मुक्ति का सर्वोत्तम माध्यम है सत्संग : धर्मेश महाराज

बीकानेर, (कासं)। भीनासर में गौरक्ष धोरा स्थित नखत बन्ना मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे की कथा में रविवार को पुरंजनोपाख्यान, जड़ भरत चरित्र, अजामिलोपाख्यान, नृसिंह अवतार आदि के प्रसंग सुनाए।

कथा वाचक अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेश महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते हैं। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एकमात्र उस पाप से मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताये आदर्शों का श्रवण करने का आव्हान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्याग कर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। व्यास पीठाधीश्वर ने कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरूषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आव्हान किया। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव-विभोर होकर नाचने लगे। महाराज ने कहा कि वैराग्य मानव को ज्ञानी बनाता है।

भीनासर में गौरक्ष धोरा स्थित नखत बन्ना मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालु उमड़े।

- पुरंजनोपाख्यान, भरत चरित्र, अजामिलोपाख्यान व नृसिंह अवतार आदि के प्रसंग सुनाए

वैराग्य में मानव संसार में रहते हुए भी सांसारिक मोहमाया से दूर रहता है। आयोजन से जुड़े प्रवीण भाटी ने बताया कि सोमवार को कथा प्रसंग में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जायेगा। मरुनायक एवं मदन मोहन मंदिर व्यास पीठ के पं महेश कुमार व्यास के मुखारविंद से महादेव नगर के रामेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का समापन हो गया। कथा के समापन पर यज्ञ का आयोजन किया गया।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 4-07-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं0 10 के किला नं0 6 में माप 24 इन्दू 60 फीट भूखण्ड संख्या ए-04, श्रीनाथ विलाज, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 11356 दिनांक 15.07.0221 को स्काई इई टावर जरिये अधिकृत श्री प्रेम रतन सिंगल पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद सिंगल के नाम से जारी किया हुआ है जो कि श्रीमती शोभा मिढढा पत्नी श्री आशीष मिढढा निवासी मंजान नम्बर 203 बी सीतिया फार्मे, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा 31.03.2023 के द्वारा क्रय कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टे एवं पंजीकृत बैयनामों का समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित करवाते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत जिला दिनांक से 7 दिवस के अन्दर - अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं0 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 16254609 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4177 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27.6.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हुकमचंद जसूजा पुत्र श्री रेमलदास जसूजा निवासी म.नं. 75 गली नं. 2, दुर्गा विहार, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 5/6 किला नं. 12 में माप 23 इंदू 50 फीट भू.सं. जी-131,132 भूप कॉलोनी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 2882 दिनांक 12.2.2013 को श्री मदन लाल पुत्र श्री बृजलाल के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री हुकमचंद द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 16.12.2019 के द्वारा क्रय कर भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री हुकमचंद जसूजा पुत्र श्री रेमलदास जसूजा निवासी म.नं. 75 गली नं. 2, दुर्गा विहार, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अव